राजा भोज एयरपोर्ट पर महिला एसएचजी के आउटलेट का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

17 अप्रैल, 2022 को केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल में महिला स्व-सहायता समूहों को प्रमोट करने के उद्देश्य से एयरपोर्ट पर आवंटित आउटलेट का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस महिला स्व-सहायता समूह आउटलेट का शुभारंभ भारत सरकार के अवसर कार्यक्रम के तहत किया गया है।
- गौरतलब है कि सभी एयरपोर्ट पर स्थानीय उत्पादों को बिक्री के लिये उपलब्ध कराने और स्थानीय लोगों को रोज़गार के नये अवसर उपलब्ध कराने के लिये यह योजना शुरू की गई है।
- इसका उद्देश्य महिलाओं व शिल्पकारों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें उपयुक्त अवसर प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण **(AAI)** संचालित हवाई अड्डों में 100-200 वर्ग फीट के निर्धारित क्षेत्र में स्वयं-सहायता समूहों को एक-एक कर 15 दिनों की अवधि के लिये स्थान का आवंटन किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-shg-s-outlet-inaugurated-at-raja-bhoj-airport